7/11/25

# कार्यालय जनपद न्यायाधीश, बाराबंकी

## विज्ञप्ति

माननीय उच्च न्यायालय के परिपत्र संख्या–14/ Admin 'D' Section दिनांकित 15.10.2022 के अनुपालन में न्यायिक अधिष्ठान बाराबंकी में निम्नलिखित पदों पर सेवानिवृत्त कर्मचारियों की पुनर्नियुक्ति की जानी है।

| कमांक | पदनाम | पदों की संख्या |
|---|---|---|
| 01. | आशुलिपिक ग्रेड–II | 08 पद |
| 02. | वरिष्ठ सहायक | 46 पद |
| 03. | कनिष्ठ सहायक | 18 पद |
| 04. | दफ्तरी/बण्डल लिफ्टर | 08 पद |
| 05. | आदेशिका वाहक | 11 पद |
| 06. | स्वीपर | 01 पद |

उक्त हेतु **जिला न्यायालय से सेवानिवृत्त कर्मचारी** जिनकी आयु 65 वर्ष से कम हो, आवेदन कर सकते है।

यह नियुक्ति पूर्णतः अस्थाई होगी तथा एक वर्ष की अवधि के लिये (यदि पूर्व में ही समाप्त न कर दी जाये अथवा प्रोन्नति या सीधी भर्ती से पद भर न जाये) की जायेगी।

पुनर्नियुक्त सेवानिवृत्त कर्मचारियों को उनके अंतिम आहरित वेतन की धनराशि से वर्तमान पेंशन की धनराशि को घटाते हुये शेष धनराशि परिलब्धियों के रूप में देय होगी।

इच्छुक आवेदक अपना आवेदन पत्र निर्धारित प्रारूप पर भरकर दिनांक 21.11.2025 के सायं 05:00 बजे तक इस अधिष्ठान के प्रशासनिक कार्यालय में व्यक्तिगत रूप से प्रस्तुत कर सकते है। इसके अतिरिक्त आवेदक अपना आवेदन पत्र जरिए पंजीकृत डाक तथा इस अधिष्ठान की ई–मेल आई.डी. dcbri@allahabadhighcourt.in के माध्यम से भी प्रेषित कर सकते है। निर्धारित समय के पश्चात प्राप्त हुए आवेदनो पर कोई विचार नही किया जायेगा।

**(प्रतिमा श्रीवास्तव)**
अध्यक्ष चयन समिति/
जनपद न्यायाधीश,
बाराबंकी
06.11.2025

**प्रतिलिपि निम्नलिखित को आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।**

01. नोडल अधिकारी कम्प्यूटर्स, जनपद न्यायालय, बाराबंकी को इस न्यायिक अधिष्ठान तथा माननीय उच्च न्यायालय की वेबसाइट पर अपलोड करवाये जाने हेतु।
02. जिला सूचना अधिकारी, बाराबंकी को उक्त विज्ञप्ति न्यूज आइटम के रूप में समाचार पत्रों में निःशुल्क प्रकाशित किये जाने हेतु।
03. मुख्य प्रशासनिक अधिकारी को इस न्यायिक अधिष्ठान में नोटिस बोर्ड पर चस्पा कराये जाने हेतु तथा पूर्व में सेवानिवृत्त हुए कर्मचारियों को अपने स्तर से सूचित किये जाने हेतु।

**अध्यक्ष चयन समिति/**
जनपद न्यायाधीश,
बाराबंकी
06.11.2025

S.O. to comply
7/11/2025

## कार्यालय जनपद न्यायाधीश, बाराबंकी।

## न्यायिक अधिष्ठान, बाराबंकी में सेवानिवृत्त कर्मचारियों की पुनर्नियुक्ति हेतु

## आवेदन पत्र का प्रारूप

| नवीनतम स्वप्रमाणित फोटोग्राफ |
|---|

01. आवेदित पद का नाम–

02. आवेदक का नाम (हिन्दी में)–

(अंग्रेजी में)–

03. पिता/पति का नाम–

04. जन्म तिथि–

05. सेवानिवृत्ति की तिथि–

06. सेवानिवृत्ति का स्थान–

07. अंतिम धारित पद का नाम–

08. आवेदन की तिथि पर आयु–

09. पत्र व्यवहार का पता–

10. स्थायी पता–

11. मोबाइल नम्बर–

12. ई–मेल आई0डी0–

दिनांक–

मैं प्रमाणित करता हूँ/करती हूँ कि मैंने आवेदन सम्बन्धी सभी नियम/शर्तों का अवलोकन कर लिया है। उपरोक्त सभी सूचनाएं मेरे/मेरी निजी जानकारी में सही व सत्य हैं। यदि किसी भी स्तर पर उक्त सूचनाएं गलत या झूठी पायी जाती है तो उसकी पूर्णरूपेण जिम्मेदारी मेरी स्वयं की होगी।

**आवेदक का हस्ताक्षर**

**नोट**– आवेदन के साथ आधार कार्ड एवं पेंशन भुगतान आदेश की प्रतिलिपि संलग्न की जाये।